आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 03.08.2026 समय : 1905

<><><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए युवाओं से शारीरिक रूप से चुस्त, मानसिक रूप से मजबूत और आत्मविश्वास से भरपूर रहने का आह्वान किया।
- 'नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान' का शुभारंभ करते हुए श्री मोदी ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए।
- जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के माध्यम से द्वीप समूह में गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।
- ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों का आज आखिरी दिन। भारत 13 स्वर्ण सहित उनतालीस पदकों के साथ चौथे स्थान पर।

<><><><><><><><>

लोकसभा ने सर्वोच्च न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 पारित कर दिया है। इस विधेयक का उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) अधिनियम, उन्नीस सौ छप्पन में और संशोधन करके सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्य तैंतीस से बढ़ाकर सैंतीस करना है। यह संख्या मुख्य न्यायाधीश के अतिरिक्त है। इस वर्ष मई में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या तैंतीस से बढ़ाकर सैंतीस करने के लिए एक अध्यादेश जारी किया था।

<><><><><><><><>

राज्यसभा ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक–2026 पारित कर दिया है। विधेयक का उद्देश्य एम एस एम ई क्षेत्र में भुगतान में देरी की समस्या दूर करना और विवाद समाधान की प्रक्रिया को सरल बनाना है। इसके तहत मध्यस्थता विफल होने पर तीस दिनों के भीतर मामला भेजने और नब्बे दिनों के भीतर निर्णय देने का प्रावधान किया गया है। छह महीने से अधिक समय तक लंबित मामलों में आपूर्तिकर्ता को देय राशि का कम से कम पचास प्रतिशत भुगतान करना होगा। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि सरकार एम एस एम ई क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति ने उद्योगों और संबंधित प्रतिष्ठानों से सहमति प्रमाणपत्र–सी टी ओ के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने को कहा है। सभी उद्योग, संस्थान, स्वास्थ्य देखभाल केंद्र, स्थानीय निकाय और अन्य संबंधित हितधारक यू सी एम एस पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। समिति ने कहा है कि पर्यावरणीय नियमों के अनुरूप आवेदनों पर विचार किया जाएगा। जिन प्रतिष्ठानों के पास वैध सहमति प्रमाणपत्र नहीं है, वे जल्द अपना आवेदन जमा करें। अधिक जानकारी और तकनीकी सहायता के लिए प्रदूषण नियंत्रण समिति से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रादेशिक असंगठित मजदूर एवं कर्मचारी कांग्रेस ने अपना स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रंगलाल हलदर मुख्य अतिथि और दक्षिण अंडमान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जॉन रॉबर्ट विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर असंगठित क्षेत्र के 25 उत्कृष्ट श्रमिकों को उनके योगदान के लिए श्रम रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार पैरा वेटनरी संघ के अध्यक्ष आर पी यादव ने मध्योत्तर अंडमान का दौरा किया। अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान उन्होंने पैरा वेटनरी कर्मचारियों से संवाद कर उनकी सेवा संबंधी समस्याओं एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने पैरा वेटनरी कर्मचारियों के साथ मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। अध्यक्ष ने मायाबंदर के जोनल अधिकारी से मुलाकात कर वेटनरी कर्मचारियों से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने पर भी विचार विमर्श किया गया।

<><><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में विकसित भारत–नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 'नशे की लत और नकारात्मक विचारों पर विजय पाने के लिए मन की शक्ति' विषय पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। संस्थान के सम्मेलन कक्ष में हुए इस सत्र में ब्रह्माकुमारी बहन शर्मिष्ठा ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, आत्म–अनुशासन और आंतरिक शक्ति का महत्व बताया। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और जिम्मेदारी से निर्णय लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में लगभग डेढ़ सौ विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस मरीन फोर्स ने तटीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए तटीय पुलिसिंग पर दो सप्ताह का कैप्सूल प्रशिक्षण शुरू किया है। उद्घाटन समारोह में पुलिस महानिदेशक रविन्द्र सिंह यादव ने पुलिसकर्मियों की कार्य क्षमता बढ़ाने और विशेष प्रशिक्षण के महत्व पर जोर दिया। यह प्रशिक्षण चौदह अगस्त तक प्रातरापुर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुलिस प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय तटीय पुलिसिंग अकादमी, गुजरात की टीम द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण में समुद्री सुरक्षा, तटीय निगरानी, नौवहन तथा खोज और बचाव अभियान जैसे विषय शामिल हैं।

<><><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई 2026 सत्र के विभिन्न पाठ्यक्रमों में नए दाखिले और पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर सोलह अगस्त कर दी है। दाखिले और पुनः पंजीकरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। विद्यार्थी इग्नू की वेबसाइट के माध्यम से नए दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं, जबकि पुनः पंजीकरण इग्नू समर्थ पोर्टल के जरिए किया जा सकता है। अतिरिक्त जानकारी या सहायता के लिए विद्यार्थी श्री विजयपुरम स्थित इग्नू क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परामर्श प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। यह परामर्श प्रक्रिया, संस्थान की ग्रीन बिल्डिंग में होगी। कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर अस्थायी सूची सात अगस्त को जारी की जाएगी। इस पर दावे और आपत्तियां आठ और नौ अगस्त तक दर्ज कराई जा सकेंगी। अंतिम वरीयता सूची दस अगस्त को जारी होगी, जबकि परामर्श प्रक्रिया ग्यारह और बारह अगस्त को आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><><>

राज्य प्राधिकरण, क्षतिपूर्ति वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण में वन विशेषज्ञ और लेखा विशेषज्ञ के एक–एक पदों के लिए साक्षात्कार की तिथि तय कर दी गई है। साक्षात्कार अठारह अगस्त को वन सदन के समिति कक्ष में प्रातः नौ बजे से होगा। सभी अभ्यर्थियों को अपने मूल प्रमाणपत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज के साथ साक्षात्कार शुरू होने से कम से कम तीस मिनट पहले उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

<><><><><><><><>

उप शिक्षा कार्यालय, दक्षिण अंडमान द्वारा प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए अंतर–विद्यालय प्राथमिक स्तरीय फुटबॉल लीग–कम–नॉकआउट प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता पाँच से तेरह अगस्त तक भातूबस्ती स्कूल और गर्ल्स स्कूल के मैदान में होगी। इसमें क्षेत्र के सभी प्राथमिक विद्यालयों के बालक और बालिका वर्ग के विद्यार्थी भाग लेंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना के साथ टीम भावना और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><><>

मायाबंदर स्थित महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न विषयों के लिए विषय विषेशज्ञों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। यह सूची महाविद्यालय और प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><><>